भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2383**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 13 फरवरी, 2026/24 माघ, 1947 (शक) को दिया जाना है।

**पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना का कार्यान्वयन**

2383. **श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:**

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना के अंतर्गत वर्ष-वार कुल कितनी सब्सिडी संवितरित की गई है;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान एनबीएस के अंतर्गत खरीफ और रबी ऋतुओं के लिए अधिसूचित पोषक तत्व-वार और उर्वरक-वार सब्सिडी की दरें क्या हैं;
(ग) उक्त अवधि के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत पंजीकृत उर्वरक निर्माताओं और आयातकों की वर्ष-वार संख्या कितनी है;
(घ) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान खुले बाजार में डीएपी और अन्य प्रमुख पी एंड के उर्वरकों के खुदरा मूल्यों में कोई परिवर्तन हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी उर्वरक-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ड.) सरकार द्वारा किसानों के लिए उर्वरकों की वहनीयता सुनिश्चित करने के लिए एनबीएस के अंतर्गत शामिल किए गए उर्वरकों के बाजार मूल्यों की निगरानी और विनियमन के लिए क्या तंत्र अपनाया गया है; और
(च) क्या सरकार द्वारा उर्वरक के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने और यूरिया के अत्यधिक उपयोग को कम करने में उक्त योजना की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिए कोई संपरीक्षा या आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

**रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

**(क):** पिछले पांच वर्षों अर्थात 2020-21 से 2024-25 के दौरान पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) स्कीम के तहत किए गए कुल व्यय का विवरण **अनुलग्नक–I** पर दिया गया है।

**(ख):** पिछले पांच वर्षों के दौरान खरीफ और रबी मौसम के लिए एनबीएस के तहत अधिसूचित सब्सिडी की दरें, पोषक तत्व-वार और उर्वरक-वार **अनुलग्नक – II** में दी गई हैं।

**(ग):** पहले से पंजीकृत निर्माताओ और आयातकों की संख्या के अतिरिक्त वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक एनबीएस स्कीम के तहत पंजीकृत उर्वरक निर्माताओं और आयातकों की संख्या, **अनुलग्नक - III** में दी गई है।

**(घ):** वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक प्रमुख उर्वरकों के औसत एमआरपी का उत्पाद-वार विवरण (उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार) **अनुलग्नक - IV** में दिया गया है।

**(ङ):** फॉस्फेट और पोटाशयुक्त (पी एंड के) उर्वरकों के संबंध में, सरकार ने 01.04.2010 से पोषक तत्व आधारित सब्सिडी नीति लागू की है। एनबीएस नीति के तहत, पी एंड के उर्वरकों को नियंत्रणमुक्त कर दिया गया है और कंपनियों को व्यापार के उतार-चढ़ाव के अनुसार उचित स्तर पर एमआरपी तय करने की अनुमति दी गई है। तथापि, सरकार ने पी एंड के उर्वरक कंपनियों द्वारा निर्धारित एमआरपी की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करने के लिए दिनांक 15.11.2019 और 18.01.2024 को दिशानिर्देश जारी किए हैं ताकि किसानों को किफायती दामों पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। दिशानिर्देशों के अनुसार, पी एंड के उर्वरक कंपनियों द्वारा निश्चित लाभ (मार्जिन) से अधिक अर्जित किया गया कोई भी लाभ वसूल कर लिया जाता है।

**(च):** वर्ष 2020 में एनबीएस नीति के प्रभाव पर मेसर्स सैंटेक द्वारा एक तृतीय पक्ष अध्ययन किया गया था। अध्ययन से पता चला है कि फॉस्फेट और पोटाश युक्त (पी एंड के) उर्वरकों के उपयोग से कृषि भूमि की उत्पादकता में सुधार हुआ है और मिट्टी की बहु-पोषक तत्वों की कमी को दूर करने में मदद मिली है। एनपीके उर्वरकों की खपत 2010-11 में 281.22 एलएमटी थी जो 2019-20 में बढ़कर 290.39 एलएमटी हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, एनबीएस स्कीम की शुरुआत के बाद से प्रमुख फसलों के उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है।

*******

**अनुलग्नक- I**

यह अनुलग्नक दिनांक 13.02.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2383 के उत्तर के भाग (क) से संबंधित है।

**पिछले पांच वर्षों अर्थात 2020-21 से 2024-25 के दौरान पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) स्कीम के तहत किया गया कुल व्यय निम्नानुसार है:**

*(आंकड़े करोड़ रुपये में)*

| वित वर्ष | कुल |
|---|---|
| 2020-21 | **37303.73** |
| 2021-22 | **52726.26** |
| 2022-23 | **86122.23** |
| 2023-24 | **65199.57** |
| 2024-25 | **52810.00** |
| **कुल योग** | **294161.79** |

**अनुलग्नक -II**

यह अनुलग्नक दिनांक 13.02.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2383 के उत्तर के भाग (ख) से संबंधित है।

(i) पोषक तत्व-वार एनबीएस सब्सिडी दरें (रु. / कि.ग्रा. में)

| पोषक | **2020-21** | **2021-22** | **2022 (खरीफ)** | **2022 (रबी) 01.1022 से 31.12.22** | **2022 (रबी) 01.01.23 से 31.03.23** | **2023 (खरीफ)** | **2023-24 (रबी)** | **2024-25 खरीफ** | **2024-25 रबी** | **2025 खरीफ** | **2025-26 रबी** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एन' (नाइट्रोजन) | 18.789 | 18.789 | 91.96 | 98.02 | 99.27 | 76.49 | 47.02 | 47.02 | 43.02 | 43.02 | 43.02 |
| पी' (फॉस्फेट) | 14.888 | 45.323 | 72.74 | 66.93 | 49.94 | 41.03 | 20.82 | 28.72 | 30.80 | 43.60 | 47.96 |
| के' (पोटाश) | 10.116 | 10.116 | 25.31 | 23.65 | 25.70 | 15.91 | 2.38 | 2.38 | 2.38 | 2.38 | 2.38 |
| एस (सल्फर) | 2.374 | 2.374 | 6.94 | 6.12 | 2.84 | 2.80 | 1.89 | 1.89 | 1.76 | 2.61 | 2.87 |

(ii) उर्वरक-वार एनबीएस सब्सिडी दरें (रु. एमटी में)।

| क्र.सं | उर्वरक ग्रेड (एन पी के एस पोषक तत्व) | **2020-21** | **2021-22** | **2022 (खरीफ)** | **2022 (रबी)** | **2022 (रबी) 01.01.23 से 31.03.23** | **2023 (खरीफ)** | **2023-24 (रबी)** | **2024 (खरीफ)** | **2024-25 रबी** | **2025 खरीफ** | **2025-26 रबी** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डीएपी (18-46-0-0) | 10231 | 33000 | 50013 | 48433 | 40841 | 32641 | 22541 | 21676 | 21911 | 27799 | 29805 |
| 2. | एमएपी (11-52-0-0) | 9809 | 25635 | 47940 | 45588 | 36889 | 29748 | 15999 | 20108 | 20748 | 27404 | 29671 |
| 3. | टीएसपी (0-46-0-0) | 6848 | 20849 | 33460 | 30789 | 22972 | 18872 | 9578 | 13212 | 14168 | 20056 | 22062 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | एमओपी (0-0-60-0) | 6070 | 6070 | 15186 | 14188 | 15420 | 9547 | 1427 | 1427 | 1427 | 1386 | 1386 |
| 5. | एसएसपी (0-16-0-11) | 2643 | 7513 | 7513 | 7513 | 7513 | 6872 | 3540 | 4804 | 5121 | 7263 | 7408 |
| 6. | 16-20-0-13 | 6292 | 12379 | 30164 | 29866 | 26240 | 20808 | 11933 | 13514 | 13272 | 15942 | 16848 |
| 7. | 20-20-0-13 | 7044 | 15131 | 33842 | 33787 | 30211 | 23868 | 13814 | 15395 | 14993 | 17663 | 18569 |
| 8. | 20-20-0-0 | 6735 | 12822 | 32940 | 32991 | 29842 | 23504 | 13568 | 15148 | 14764 | 17324 | 18196 |
| 9. | 28-28-0-0 | 9430 | 17951 | 46116 | 46188 | 41779 | 32906 | 18995 | 21208 | 20670 | 24253 | 25474 |
| 10. | 10-26-26-0 | 8380 | 18293 | 34689 | 33353 | 29593 | 22453 | 10734 | 12788 | 12928 | 16257 | 17390 |
| 11. | 12-32-16-0 | 8637 | 20377 | 38362 | 36965 | 32005 | 24854 | 12686 | 15214 | 15399 | 19495 | 20890 |
| 12. | 14-28-14-0 | 8215 | 16737 | 36785 | 35775 | 31479 | 24424 | 12746 | 14958 | 14980 | 18564 | 19785 |
| 13. | 14-35-14-0 | 9258 | 19910 | 41877 | 40460 | 34975 | 27296 | 14203 | 16969 | 17136 | 21616 | 23142 |
| 14. | 15-15-15-0 | 6569 | 11134 | 28502 | 28290 | 26237 | 20015 | 10533 | 11718 | 11430 | 13350 | 14004 |
| 15. | 17-17-17-0 | 7445 | 12619 | 32302 | 32063 | 29735 | 22683 | 11937 | 13281 | 12954 | 15130 | 15871 |
| 16. | 19-19-19-0 | 8321 | 14103 | 36102 | 35835 | 33233 | 25352 | 13342 | 14843 | 14478 | 16910 | 17738 |
| 17. | अमोनियम सल्फेट (20.5-0-0-23) | 4398 | 4398 | 20448 | 21503 | 31004 | 16325 | 10074 | 10075 | 9224 | 9419 | 9479 |
| 18. | 16-16-16-0(दि. 1.7.2010 से) | 7007 | 11876 | 30402 | 30177 | 27986 | 21349 | 11235 | 12499 | 12192 | 14240 | 14938 |
| 19. | 15-15-15-9 (1.10.2010 से प्रभावी) | 6783 | 11348 | 29126 | 28841 | 26492 | 20267 | 10703 | 11889 | 11588 | 13585 | 14262 |
| 20. | 24-24-0-0 (1.10.10 से 29.5.12 तक और 22.6.2012 से प्रभावी) | 8082 | 15387 | 39528 | 39590 | 35810 | 28205 | 16282 | 18178 | 17717 | 20789 | 21835 |
| 21. | 24-24-0-8 (12.11.13 से 14.2.15 तक) एस पर सब्सिडी के बिना | 8002 | 15387 | 39528 | 39590 | 35810 | 28429 | 16433 | 18178 | 17717 | 20789 | 21835 |
| 22. | 14-28-0-0 (1.4.2020 से प्रभावी) | 6799 | 15321 | 33242 | 32464 | 27881 | 22197 | 12413 | 14625 | 14647 | 18321 | 19452 |
| 23. | 8-21-21 (20.05.2021 से प्रभावी) | लागू नहीं | 13145 | 27947 | 26864 | 23826 | 18077 | 8634 | 10293 | 10409 | 13097 | 14013 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24. | 9-24-24 (20.05.2021 से प्रभावी) | लागू नहीं | 14996 | 31808 | 30561 | 27088 | 20550 | 9800 | 11696 | 11835 | 14907 | 15953 |
| 25. | पीडीएम (0-0-14.5-0) | लागू नहीं | 1467 | 1467 | 1467 | 1467 | 2307 | 345 | 345 | 345 | 345 | 345 |
| 26. | 11-30-14 (01.04.2024 से प्रभावी) | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 14122 | 14305 | 18145 | 19453 |
| 27. | यूरिया-एसएसपी कॉम्प्लेक्स (5-15-0-10) (01.04.2024 से प्रभावी) | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 6849 | 6947 | 8952 | 9088 |
| 28. | एसएसपी 16-0-11 (Mg,Zn और B से पौष्टिकीकृत) (01.04.2024 से प्रभावी) | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 4804 | 5121 | 7263 | 7408 |

अनुलग्नक-।।।

यह अनुलग्नक दिनांक 13.02.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2383 के उत्तर के भाग (ग) से संबंधित है।

एनबीएस स्कीम के तहत वर्ष **2020-21** से **2024-25** के दौरान उत्पादक/आयातक के रूप में पंजीकृत कंपनियों की संख्या:

| कंपनी का वर्गीकरण | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
|---|---|---|---|---|---|
| पी एंड के उत्पादक | 0 | 1 | 2 | 5 | 6 |
| पी एंड के आयातक | 0 | 3 | 3 | 1 | 10 |

अनुलग्नक- **IV**

यह अनुलग्नक दिनांक 13.02.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2383 के उत्तर के भाग (घ) से संबंधित है।

प्रमुख पी एंड के उर्वरकों जैसे डीएपी, एमओपी, एसएसपी, एनपीके **12-32-16**, एनपीके **10-26-26** और एनपीके **20-20-0-13** का औसत एमआरपी (रु. प्रति **50** किग्रा बोरी) निम्नानुसार हैं:

| उत्पाद का नाम | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
|---|---|---|---|---|---|
| 10-26-26 | 1228.78 | 1487.56 | 1488.04 | 1469.75 | 1530.22 |
| 12-32-16 | 1232.16 | 1436.66 | 1578.30 | 1493.26 | 1498.89 |
| 20-20-0-13 | 997.51 | 1232.63 | 1403.21 | 1263.78 | 1283.31 |
| डीएपी | 1250.00 | 1250.00 | 1350.00 | 1350.00 | 1350.00 |
| एमओपी | 893.63 | 1166.92 | 1707.17 | 1699.39 | 1557.56 |
| एसएसपी-पाउडर | 401.60 | 364.73 | 501.74 | 531.39 | 506.95 |